# GREENLAWNS HIGH SCHOOL
## FINAL EXAMINATION YEAR 2024- 2025

**SUBJECT : HINDI** — **CLASS : V**
**DATE : 13/02/2025** — **MARKS : 80**

---

**सूचना :- प्रश्न** 1 से 4 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Answer Sheet पर लिखिए और **प्रश्न** 5 से 10 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Question Paper पर ही लिखिए।

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [10]

i) मेरा अनोखा सपना ii) हमारा गणतंत्र दिवस iii) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी
iv) यदि मैं पक्षी होता

प्रश्न 2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]

i) माताजी की तबीयत ख़राब होने के कारण आप विद्यालय नहीं जा सकते। प्रधानाचार्या को अवकाश हेतु पत्र लिखिए।

अथवा

ii) अपने नए पालतू जीव के बारे बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

रोहन को बचपन से ही पेंटिंग का शौक था, लेकिन उसके माता-पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बने। उन्होंने उसे हमेशा यही कहा कि पेंटिंग से कुछ नहीं होगा, डॉक्टर बनने में ही उसका भविष्य सुरक्षित है। रोहन मन से तो पेंटिंग करना चाहता था, लेकिन अपने माता-पिता की इच्छा के खिलाफ जाना नहीं चाहता था।

एक दिन, स्कूल में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। रोहन ने सोचा, "अगर मैं इसमें हिस्सा लूँगा तो शायद मुझे खुद पर विश्वास करने का मौका मिलेगा।" उसने अपने डर और संकोच को किनारे रखते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। उसने अपनी सबसे अच्छी पेंटिंग बनाई, दिल से रंग भरे, और पूरी शिद्दत से काम किया।

जब परिणाम आए, तो उसकी पेंटिंग ने पहला स्थान प्राप्त किया। रोहन को यकीन हो गया कि अगर उसे अपने आप पर भरोसा होगा, तो वह अपनी पसंद के क्षेत्र में भी सफल हो सकता है। उसने अपने माता-पिता को समझाया कि वह पेंटिंग में ही अपना करियर बनाना चाहता है, और आखिरकार उन्होंने उसे समर्थन दिया। कहानी से स्पष्ट होता है कि खुद पर विश्वास रखना ही सबसे बड़ी ताकत है। अगर आप अपने सपनों पर भरोसा करते हैं, तो पूरी दुनिया भी आपका साथ देने को तैयार हो जाएगी।

प्रश्न –

i) रोहन को बचपन से ही क्या शौक था ? [1]

ii) रोहन के माता- पिता उसे क्या बनाना चाहते थे ? [1]

iii) स्कूल में कौन-सी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ? [1]

iv) प्रतियोगिता के बारे में जानकार रोहन ने क्या सोचा? [2]

v) रोहन की पेंटिंग को कौन-सा स्थान मिला ? [1]

vi) रोहन ने अपने माता- पिता को क्या समझाया ? [2]

vii) इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ? [2]

प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I ( मैथिली )

i) बच्चे को ऊपर डाली पर देखकर माँ क्यों घबरा गई ? [3]

ii) सिर पर गट्ठर रखकर बुद्धूमल क्या सोच रहा था ? [3]

iii) चाणक्य को कैसे नवयुवक की आवश्यकता थी ? [3]

iv) अंत में बूढ़ी माँ ने बुद्धूमल से क्या कहा ? इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है? [3]

v) बालक चंद्रगुप्त ने शेर को पिंजरे से कैसे बाहर निकाला ? [3]

सूचना :- प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए ।

नाम : ________________ कक्षा : 5 A B C अनुक्रमांक :__________

प्रश्न 5 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए । [4]

सुन मेरी ____________________

____________________

____________________

________________धीरे से छुप जाता ।

प्रश्न 6 एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए । [5]

i) बालक को डाँटते हुए माँ क्या कहती ?

____________________________________________

ii) चंद्रगुप्त की माँ का क्या नाम था ?

____________________________________________

iii) लकड़ियाँ कैसे गीली हो गई ?

____________________________________________

iv) ब्राह्मण ने दान में क्या माँगा ?

____________________________________________

v) आँखें मीचे माँ क्या करती है ?

____________________________________________

प्रश्न 7 शब्दार्थ लिखिए। [4]

i) व्याकुल - ____________ ii) मदद - ____________

iii) बढ़िया - ____________ iv) दिलेरी - ____________

v) अभाव - ____________ vi) तीरे - ____________

vii) बंदीगृह - ____________ viii) प्रतिशोध - ____________

प्रश्न 8 किसने – किससे कहा लिखिए। [3]

i) " उसका भाग्य अवश्य चमकेगा ? "

____________ ने ____________ से कहा।

ii) " उन पैसों से एक ट्रेक्टर ख़रीद लूँगा "।

____________ ने ____________ से कहा।

iii) " ठीक है महाराज, परंतु इस कार्य के लिए मुझे एक जलते हुए दीपक की आवश्यकता है "।

____________ ने ____________ से कहा।

प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्य के सामने सही और ग़लत वाक्य के सामने ग़लत लिखिए। [2]

i) घर तक गट्ठर पहुँचाने पर बूढ़ी माँ ने पैसे देने का वादा किया। ____________

ii) चोटी वाले ब्राह्मण का नाम विष्णुगुप्त था। ____________

iii) माँ को आता देख पुत्र हँसने लगता है। ___________

iv) विशाख मंत्री बना था। ___________

प्रश्न 10 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

1) निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [4]

i) प्रकाश - ________________, ________________

ii) महादेव - ________________, ________________

iii) हाथ - ________________, ________________

iv) सुंदर - ________________, ________________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। [4]

i) विरोध - ________________ v) पठित - ________________

ii) घृणा - ________________ vi) मूक - ________________

iii) शुभ - ________________ vii) मूर्ख - ________________

iv) संयोग - ________________ viii) जय - ________________

3) निम्नलिखित <u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द</u> का प्रयोग कीजिए। [4]

i) जो बात पहले कभी न हुई - ________________________

ii) जिसका दमन न हो सके - ________________________

iii) सरलता से मिलने वाला - ________________________

iv) जहाँ पहुँचना कठिन हो - ________________________

v) जिसके मन में दया न हो - ________________________

vi) कटु बोलनेवाला - ______________________

vii) जिसका अंत न हो - ______________________

viii) याचना करने वाला - ______________________

4) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द पहचानकर उनके भेद लिखिए। [4]

i) कक्षा में बीस बच्चे ही आए थे।

______________________________________________

ii) रोहन ने थोड़ा दूध पी लिया।

______________________________________________

iii) यह गुड़िया मेरी है।

______________________________________________

iv) भारतीय और जापानी मेहनती होते है।

______________________________________________

5) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए I [4]

i) अक्ल पर पत्थर पड़ना - ______________________

ii) अंग - अंग मुसकराना - ______________________

iii) आँखों से गिरना - ______________________

iv) कान खड़े होना - ______________________